# आर.टी.एच. के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन, 85 अस्पतालों के चिकित्सकों ने चाबियां कलेक्टर को सौंपी



झुंझुनूं में प्राइवेट अस्पताल संघर्ष समिति के बैनर तले जिले के निजी चिकित्सकों ने जिला कलेक्ट्रेट के सामने स्वास्थ्य के बिल के विरोध में धरना दिया और बाद में अस्पतालों की चाबियां कलेक्टर को सौंपी।

■ अब निजी अस्पतालों को आर.टी.एच. बिल के चलते चलाना असंभव है इन अस्पतालों को अब सरकार ही चलायेगीः डॉ. लालचंद ढाका

**झुंझुनूं,** (निसं)। शनिवार को झुंझुनूं में प्राइवेट अस्पताल संघर्ष समिति के बैनर तले जिले के सभी निजी चिकित्सकों ने जिला कलेक्ट्रेट के सामने स्वास्थ्य के बिल के विरोध में धरना दिया। धरने के साथ में मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें प्रस्तावित स्वास्थ्य के अधिकार बिल जो कि वास्तव में निजी अस्पतालों में जबरदस्ती मुफ्त इलाज का बिल हैं, के विरोध में सभी निजी चिकित्सकों ने अपने अस्पतालों के गैट पर ताला लगा कर अपने अस्पतालों को बंद किया और उनकी चाबिया धरना स्थल पर एकत्रित की।

85 अस्पतालों ने अपनी चाबियाँ संघर्ष समिति को सौंप दी जिन्हें जिला कलेक्टर को सुपुर्द किया गया और उनसे माँग की गई कि अब निजी अस्पतालों को आरटीएच बिल के चलते चलाना असंभव है इन अस्पतालों को अब सरकार ही चलायेगी। समिति के जिला कॉर्डिनेटर डॉ. कमल चंद सैनी ने बताया कि शनिवार को शुरू किया गया धरना रविवार को भी जारी रहेगा और जिला मुख्यालय पर गांधी चौक से नेहरू पार्क तक विशाल रैली निकाली जाएगी जिसमें पूरे जिले के विशाल संख्या में स्वास्थ्यकर्मी शामिल होंगे और आरटीएच का विरोध करेंगे और रविवार को भी निजी अस्पतालों, क्लीनिक और रेडियोलोजी डायग्नोस्टिक सेंटर्स में किसी भी प्रकार की सेवा उपलब्ध नहीं होगी।

रैली और घेराव के दौरान इस काले कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर के इस बिल को वापस लेने के मांग की जाएगी इसी क्रम में दिनांक 20 मार्च को जयपुर पहुँच कर विधान सभा का घेराव किया जायेगा। इस धरने में जिले भर से सौ से भी अधिक निजी चिकित्सक उपस्थित हुए जिनमे डॉ. कुंदन सिंह मील, डॉ. सुभाष भारद्वाज, डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, डॉ. लालचंद ढाका, डॉ. शुभकरण बुरी, डॉ. अनिल महलावत, डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. अर्शा चौधरी, डॉ. रवि मोखरिया, डॉ. ओपी सैनी, डॉ. करन सिंह बेनीवाल, डॉ. पुष्पेंद्र बुडानिया, डॉ. संतोष ढाका, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. अंकुर मील, डॉ. सुधीर रेवाड, डॉ. पवन सिहाग, डॉ. अरूण सूरा, डॉ. देवेंद्र चाहर, डॉ. नरेंद्र श्योराण, डॉ. प्रियंका बुडानिया, डॉ. नरेंद्र जांगिड आदि शामिल थे।

# नीमकाथाना को जिला बनाने पर विधायक सुरेश मोदी का स्वागत होगा



कांग्रेस कार्यकताओं ने नीमकाथाना को जिला बनाने के लिए संघर्ष करने वाले ओमप्रकाश साईं की धर्मपत्नी संतोष देवी को शॉल ओढ़ाकर शुभकामनाएं प्रेषित दी।

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना को सबसे बड़ी जिले की सौगात मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों द्वारा विधायक सुरेश मोदी का भव्य स्वागत करेंगे। विधायक सुरेश मोदी प्रातः 9.00 बजे जयपुर से चलकर हसामपुर बॉर्डर पहुंचेगे। हसामपुर बॉर्डर से सेकंडों कार्यकर्ता जुलूस के साथ पाटन स्टैण्ड, डोकन, रायपुर पाटन, माहवा बाईपास होते हुए, गांवडी बाईपास से सिरोही होते हुए कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे।

मोदी को औघोगिक क्षेत्र नीमकाथाना से रामलीला मैदान तक कार्यकर्ता रैली निकालकर 12.00 बजे रामलीला मैदान पहुंचेंगे जहां मोदी एक बड़ी सभा को संबोधित करेंगे। विधायक सुरेश मोदी के आदेशों पर शनिवार को दर्जनों कार्यकर्ता नीमकाथाना को जिला बनाने के लिए संघर्ष व आंदोलन करने वाले ओमप्रकाश साईं के गांव पुरानाबास में पहुंचकर उनको पुष्प अर्पित करते हुए उनकी धर्मपत्नी संतोष देवी को शॉल ओढ़ाकर व उनके पुत्र मोहन साईं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वर्गीय साईं के परिजनों से मिलने वाले नीमकाथाना सरपंच संघ अध्यक्ष सुरेश खैरवा, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बलवीर खैरवा, कांग्रेस नेता श्रवण अग्रवाल गुहाला, दीपेन्द्र दीवाच, मण्डल अध्यक्ष अनिल काजला, शहर मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद महराणिया, देवेंद्र बिजारनीया, सेवादल जिला उपाध्यक्ष नरेश टेलर, राजवीर जाखड़ आदि थे।

# आलय ग्रुप ने कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों को बैग वितरित किए



कोला की नांगल स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को बैग वितरित करते आलय ग्रुप के कार्यकर्ता।

**पाटन,** (निसं)। प्रॉपर्टी के क्षेत्र में काम करने वाला ग्रुप आलय स्मार्ट मार्केटिंग सिस्टम के फाउंडर रवि प्रकाश मीणा एवं एग्जीक्यूटिव मैनेजर महावीर प्रसाद यादव, हरिकिशन सिंह राव, पंकज कुमार मीणा द्वारा कोला की नांगल में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों को बैग वितरित किए।

आलय ग्रुप के फाउंडर रवि प्रकाश मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आलय ग्रुप द्वारा घासीपुरा ग्राम पंचायत में स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अंतर्गत आने वाली सभी स्कूलों जिसमें कोला की नांगल, फागण वास, रैया का बास, उदय सिंह पुरा, बक्शीपुरा एवं रेला की स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों एवं आंगनबाड़ी में अध्ययनरत बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए । घासीपुरा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने ग्रुप की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि आलय ग्रुप द्वारा एक अच्छी पहल की शुरुआत की गई है जो बहुत ही तारीफ ए काबिल है।

इस दौरान संस्था प्रधान सरिता सैनी, शारीरिक शिक्षक ताराचंद सैनी, अध्यापक महेश कुमार यादव, मनोज कुमार यादव, सुभाष चंद, रामोतार सिंह, हनुमान प्रसाद, महावीर प्रसाद एवं आलय ग्रुप के फाउंडर रवि प्रकाश मीणा, एग्जीक्यूटिव मैनेजर महावीर प्रसाद यादव, हरिकिशन सिंह राव, पंकज मीणा, व्याख्याता कमलेश महला, मनोहर लाल यादव, चैन सिंह तंवर उपस्थित रहे।

## अपहरण कर मारपीट का मामला दर्ज़

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर थाने में शनिवार को 40 वर्षीय व्यक्ति को गाड़ी में डालकर अपहरण व मारपीट करने का मामला सामने आया है जहां दो नामजद व एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज़ हुआ हैं। तारानगर के निकटवर्ती गांव गोगटिया चारणान के 40 वर्षीय गजानन्द पुत्र सागरमल प्रजापत ने रिपोर्ट दी है 17 मार्च को रात्रि में मैं परचून की दुकान से घर का सामान लेकर वापिस घर जा रहा था तभी पीछे से एक स्विफ्ट डिजायर गाडी लेकर गिरवर पुत्र समुन्द्र राजपूत निवासी गोगटिया कच्छावतान व नितेश पुत्र हरीराम छिम्पा निवासी ढाणी कुम्हारान व एक अन्य व्यक्ति ने जबरदस्ती अपहरण कर मुझे स्विफ्ट गाडी में पटक लिया व मारपीट करते हुए गोगटिया चारणान से महात्मा स्टैण्ड ले गए जहा जबरदस्ती शराब पिलाने की कोशिश की फिर गोगटिया कच्छावतान में अपने घर ले जाकर मेरे साथ मारपीट की। रिपोर्ट में बताया गया हैं की गिरवर ने मेरे नाक के आगे एक रूमाल लगाकर नशील पदार्थ सुंघाया जिससे मैं बेहोश हो गया। 18 मार्च को सुबह मेरे को होश आया। गिरवर सिंह व नितेश ने मुझे मरा समझकर गाजसर बीड में पटक दिया। घटना के दौरान मेरी जेब में रखे 21500/- रूपये व गले से सोने की चैन निकाल ली थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# डॉ. किरोड़ी मीणा व वीरांगनाओं पर हाथापाई करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग



तहसीलदार को सौंपने जाते युवा शक्ति के कार्यकर्ता।

■ तहसीलदार को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा

**पाटन,** (निसं)। राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी लाल मीणा एवं शहीद वीरांगनाओं पर हाथापाई करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन के जरिए बताया गया है कि पुलवामा हमले की वीरांगनाएं अपनी मांगों को लेकर 9 मार्च को धरने पर बैठी थी। वीरांगनाओं के धरने पर बैठने से सरकार को अपनी साख गिरने का भय नजर आने लगा। सरकार अपनी साख बचाने के लिए वजीर ए आजम के इशारे पर दस मार्च प्रातः तीन बजे जयपुर पुलिस घटनास्थल पर पंहुचती है और वीरांगनाओं के साथ मारपीट करके उनको जबरदस्ती उठा कर ले जाती है। घटित घटना की निंदा राज्यसभा सांसद डॉक्टर मीणा ने की परंतु उनको यह नहीं पता था की निंदा का परिणाम गलत होगा। डॉ.किरोडी लाल मीणा चोमू सामोद में स्थित हनुमान जी के दर्शन करने जा रहे थे तो जयपुर पुलिस ने सामोद जाकर डॉ. मीणा का रास्ता रोका तथा उनके साथ मारपीट कि और कपडे फाड दिये। मारपीट में डाक्टर मीणा को गंभीर चोटें भी आई जिससे उनको जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया ज़हां उनकी स्थिती और भी नाजुक हो गई तथा शरीर का एक हिस्सा काम करना बंद कर दिया तब उन्हें दिल्ली के एम्स होस्पिटल में भर्ती कराया गया।

इतना सब कुछ होने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा वीरांगनाओ को नजरबन्द किया गया है वहीं वीरांगना बहन मजूं जाट कि हालत नाजुक है। सरकार कोई ईलाज नही करा रही है, जिस कारण कोई अनहोनी हो सकती है। यह सब आरोप युवा शक्ति के युवाओं द्वारा पुलिस पर लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है तथा दोषी पुलिसकर्मियों को हटाने की मांग की है, जिससे वीरांगनाओं को न्याय मिल सके। ज्ञापन देने वालों में मामराज मीणा न्योराणा, अभिषेक मीणा, बंटी मीणा, मुकेश यादव, मुरारी मीणा, कुलदीप मीणा, विकास, राहुल, सुभाष मेहरा, मोहित, पंकज यादव, हजारीलाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 5100 दीपों से होगा नववर्ष का स्वागत

**झुंझुनूं/बगड,** (निसं)। श्री दादू बगीची समाधि स्थल पर विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2080, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर केंद्रीय मार्गदर्शक मण्डल सदस्य विहिप श्रीदादू द्वारा बगड महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी अर्जुनदास महाराज के पावन सानिध्य में 5100 दीप प्रज्वलित कर भारतीय नववर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रीदादू द्वारा सर्वाधिकारी रोहित स्वामी ने बताया सांयकाल 6.30 बजे से भगवान श्रीराम एवं भारत माता की आरती स्तुति, ज्ञानीराम वेदी एवं मण्डली द्वारा भजनों की प्रस्तुति एवं भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी अर्जुनदास महाराज ने कहा भारतीय नव संवत्सर लोगों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। आधुनिकता के बदलाव में हम स्वयं को भूलने लगे हैं। 33 कोटि देवी देवताओं की विविध प्रकार से पूजा करने का विधान है। इसके लिए भारतीय जीवन पद्धति को अपनाना होगा। आधुनिक पीढी को नवीनता की उन्मुक्ता से परिचित करके जागरूक करने की जरूरत है। इसी में समाज का हित सुरक्षित है। प्रत्येक भारतीय को ओम व स्वास्तिक प्रतीक बनाने के साथ घर के बाहर भगवा ध्वज लगाकर तथा राष्ट्रीयता का बोध कराने के लिए संदेशो के माध्यम से जागरूक करे।

## वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**पाटन,** (निसं)। श्रीमती जमुना देवी पांडेय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को नो बैग डे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर कब सेक्शन के विभिन्न बालकों द्वारा विद्यालय से कल्याण सर्किल तक रैली निकाली गई। विद्यालय में पोस्टर एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नो बैग डे प्रभारी विवेक टेलर ने सभी बालकों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद मीणा ने नोबेल डे गतिविधियों की सराहना की,उन्होंने कहा की गतिविधि आधारित शिक्षण स्थाई होता है। उन्होंने कब बालकों की तालियां बजाकर सराहना की। इस अवसर पर महावीर प्रसाद वर्मा,श्रीमती सरिता यादव, वरिष्ठ सहायक राजीव गुप्ता, विवेक टेलर एवं बाबूलाल सैनी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश जांगिड़ ने किया।

# सुजानगढ़ को जिला नहीं बनाने पर विरोध-प्रदर्शन किया



सुजानगढ़ को जिला नहीं बनाने पर सीएम गहलोत का पुतला जलाकर विरोध करते नागरिक।

■ मुख्यमंत्री गहलोत व क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर मुख्यमंत्री गहलोत का पुतला जलाया

**बीदासर,** (निसं)। सुजानगढ को जिला नही बनाने पर सुजानगढ विधानसभा क्षेत्र के नागरिको में आक्रोश व्याप्त है।

जिला नही बनने के विरोध में नागरिकों ने शनिवार को कस्बे के गाँधी चौक में सरकार के विरोध में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व क्षेत्रिय विधायक मनोज मेघवाल के खिलाफ नागरिको ने जमकर नारेबाजी की तथा विरोध प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री गहलोत का पुतला जलाया गया। इस अवसर पर प्रदर्शन करने वालो में पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश बैंगानी, सुशील कुमार नाई, रवि मोदी, नारायण प्रसाद शर्मा, भीकमचंद खेरिया, राकेश सिहाग, कैलाश राठौड, रामनारायण पूनिया सहित अनेक कस्बेवासी उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने आतिशबाजी की

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,** (निसं)। राजस्थान के रिप्लाई बजट में सीकर को संभाग बनाने व लक्ष्मनगढ विधानसभा क्षेत्र से जबरदस्त सौगात दिलाने पर कांग्रेस ने यहां पुराने बस स्टैंड पर मनाया जश्न की आतिशबाजी जताया विधायक पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा का आभार। इस अवसर पर कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज सैनी,पार्षद प्रतिनिधि बादल सैनी, शुशील कुमावत, संजीव भानुका, अधिवक्ता सत्यनारायण सैनी, जितेन्द्र सैनी युवा अध्यक्ष फूले ब्रिगेड, पार्षद प्यारेलाल मेघवाल, शहर अध्यक्ष चांद खान, विनोद सांखला ग्रामीण अध्यक्ष फूले ब्रिगेड, धर्मवीर राड, जीतू डोटासरा, रामप्रसाद धायल, राकेश भोजासर,जेपी डूडवा फिरोज बिसायती, पार्षद शाहिद हुसैन, साकिर सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राजस्थान पब्लिक विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ





प्रतियोगिता में 54 छात्राओं ने भाग लिया और अपनी कल्पना के रंगों व कलाकृति को एक-दूसरे के हाथों पर मेहंदी बनाकर प्रदर्शित किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, गणपति नगर झुंझुनूं में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत शनिवार को साप्ताहिक गतिविधियों के क्रम में विद्यालय स्तरीय मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता प्रभारी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में 54 छात्राओं ने भाग लिया और अपनी कल्पना के रंगो व कलाकृति को एक-दूसरे के हाथों पर मेहंदी बनाकर प्रदर्शित किया गया। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड ने बताया की प्रतियोगिताओं से बच्चों की शैक्षिक व सहशैक्षिक गतिविधियाँ मजबूत होती है। विजेताओं में नंदिनी ने निशु, स्वाति ने प्रतिभा, भूमिका ने चंचल को मेहंदी लगाई। इस अवसर पर संस्थान संरक्षिका विनोद ढूकिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. शिखा सहाय, प्राचार्या अनुपम शर्मा व प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड ने विजेताओं को नंदिनी, स्वाति, भूमिका को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय क्रमशः पुरस्कृत किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति अभिभाषण की परम्परा देशवासियों के लिए अच्छी प्रेरणा: इंजी. ढूकिया



शक्ति केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित जिला संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडावा विधानसभा क्षेत्र बिसाऊ शहर मण्डल में भाजपा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण का शहीद श्री रामस्वरुप सिंह शक्ति केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष भवानी शंकर महनसरिया ने की। ढूकिया ने कार्यकर्ताओं को कहा कि राष्ट्रपति अभिभाषण की परम्परा देशवासियों के लिए अच्छी प्रेरणा है एवं केन्द्र सरकार की नीतिगत प्राथमिकताओं एवं अगले वर्ष की योजनाओं का उल्लेख किया जाता है। उन्होंनें कहा कि यह राष्ट्रपति भाषण बूथ स्तर तक पहुचायां जाये। केंद्र सरकार आजादी के अमृत महोत्सव पर जहां आज हर जिलें में 75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे है, तो वहीं सैकडों आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें भी लॉन्च हो रही है।

कार्यक्रम में पवन कुमार मिश्रा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को पढकर सुनाया। इस अवसर पर द्वारका प्रसाद सैनी, कल्याण सिंह, चेतन भार्गव, सुरेश सैनी, नवरत्न, अरविन्द सोनी, गौरी शंकर, मदन लाल सैनी, कमल शर्मा, देवकीनन्दन नोवाल, जगदीश प्रसाद सैनी, महावीर प्रसाद हुडा, मोहन लाल, जय प्रकाश अजाडीवाल, किशनलाल स्वामी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें। मंच संचालन कपिलेश शर्मा ने किया।

# रतननगर में प्रयागनाथ आश्रम में अमृत महोत्सव का आयोजन किया



चूरू के निकट रतननगर कस्बे के प्रयागनाथ महाराज के साठवीं पुण्य तिथि पर आयोजित अमृत महोत्सव में संतों ने भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी।

■ भजनों से प्रयागनाथ महाराज को याद किया व उपस्थित संतों का कस्बे के गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया

**चूरू,** (कासं)। चूरू के निकटवर्ती कस्बें रतननगर के प्रयागनाथ आश्रम में शुक्रवार को वचन सिद्ध संत प्रयागनाथ महाराज की 60वीं पुण्यतिथि पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज शेखावाटी के संतो ने दीप प्रज्वलित कर कर किया।

इस अवसर पर फतेहपुर के चीमा बाबा ने गुरु बिन घोर अंधेरा भाई साधो जैसे दीपक बिन मंदिर सूना लागै और हे करुणा निधि करुणा कीजै रै. सहित अनेक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी प्रकार भानी नाथ आश्रम चूरू के बाल संत विद्यानाथ महाराज ने कोई पियो रामरस प्याला, हे लक्ष्मीनाथ बाबा दया हो तुम्हारी सहित अनेक भजनों की अमृत वर्षा कर उपस्थित श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। आश्रम के महंत शिवनाथ महाराज ने बताया कि हर वर्ष की तरह शुक्रवार को भी वचन सिद्ध संत प्रयाग नाथ महाराज की 60वीं पुण्यतिथि हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर दिनभर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया और रात्रि को जागरण में भजनों की अमृत वर्षा की गई। उन्होंने बताया कि जागरण में आसपास के गांवों सहित संपूर्ण शेखावाटी के संतों ने भाग लिया। इससे पूर्व उपस्थित संतों का कस्बे के गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर महावीर प्रसाद झिकनाडिया, पवन कुमार झिकनाडिया, विजय कुमार गोठवाल, मोहनलाल प्रजापत, राजेंद्र धरेन्द्रा, रामरतन कटारिया, संदीप जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में कस्बे के गणमान्य जन उपस्थित थे। आश्रम के महंत शिव नाथ महाराज ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।